करणपुर धाम पदयात्रा 10 सितम्बर को

गंगापुर सिटी (निस) । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति की आमसभा किरण पैलेस मैरिज होम में संपन्न हुई। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा ने समिति की गतिविधियो पर प्रकाश डाला। वहीं महामंत्री गोपाल सोनी ने पिछली आमसभा की कार्रवाही पढ़ कर सुनाई। कोषाध्यक्ष श्याम गुप्ता ने आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। आमसभा की शुरूआत मां गुमानो बीजासणी के चित्र पट्ट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। आमसभा में सर्व सम्मति से 10 सितम्बर भादवा सूदी सप्तमी को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए पदयात्रा ले जाने का निर्णय हुआ। आमसभा में दर्जनो वक्ताओ ने अपने अपने विचार रख पदयात्रा को भव्य बनाने के सुझाव दिए। आमसभा में पदयात्रा की व्यवस्थाओ पर चर्चा की गई। आमसभा में मंत्री नरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष ब्रहमानंद, ब्रहमप्रकाश शर्मा, रमेश सैन, पूर्व अध्यक्ष कमलेश शर्मा, दिनेश धौलेटा, कैलाश गुप्ता, शिवचरण एलआई, पंडित शिवजी लाल शर्मा, मोहन मण्डावरा, श्रीलाल गुप्ता, किन्दुरी लाल गुप्ता, योगेश शर्मा, मोहन लाल गुप्ता, गोपाल गुप्ता, गोपाल लाल शर्मा कुडगांव, जगदीश करणपुर, चन्द्रमोहन गुप्ता, धीरेन्द्र शर्मा, कैलाश माली, डा विजेन्द्र गुप्ता, गिर्राज सैन सहित सैकडो की संख्या में माता रानी के भक्त मोजूद थे।

क्रमोन्नत अस्पताल को यथावत रखने की मांग, लोगों ने किया प्रदर्शन

गंगापुर सिटी (निस) । टोडाभीम कस्बे के लोगों ने सोमवार को नव क्रमोन्नत अस्पताल को कस्बे से 4 किमी दूर बाहर रखने का विरोध जताया।

लोगों ने गंगापुर सिटी कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मामले में कस्बेवासियों ने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर नव क्रमोन्नत अस्पताल को यथावत रखने की मांग की है। कस्बेवासियों ने बताया कि टोडाभीम कस्बे में टोडाभीम की स्थापना के समय से ही अस्पताल संचालित है। अस्पताल को हाल ही बजट में राजस्थान सरकार द्वारा उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत किया गया है, लेकिन इस अस्पताल को कुछ लोगों के द्वारा अपने निजी हितों के कारण यथास्थान पर जगह का अभाव बताकर टोडाभीम शहर से 4 किमी दूर स्थापित करने की फिराक में है। जिससे कस्बेवासियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि कस्बेवासियों ने 27 जुलाई को संपूर्ण कस्बे के प्रतिष्ठान बंद रख कर इस मामले में विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही ज्ञापन भी सौंपा था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जहां अस्पताल संचालित है, वहां पर उप जिला अस्पताल के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।

साथ ही उक्त भूमि का पट्टा (आवंटन पत्र) भी अस्पताल प्रशासन के नाम से जारी हो चुका है और यथास्थान पर भूमि का कोई भी अभाव नहीं है। इस परिसर से लगते हुए सरकारी भूमि उपलब्ध है। जो अस्पताल के काम में आ सकती है। उन्होंने कलेक्टर से कस्बे वासियों की जायज मांग पर सुनवाई करते हुए उप जिला अस्पताल के स्थान को यथावत रखने के आदेश देने की मांग की है।

- **टोडाभीम कस्बे के लोगों ने नव क्रमोन्नत अस्पताल को कस्बे से 4 किमी दूर बाहर रखने पर विरोध जताया, कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन सौंपा**

नव क्रमोन्नत अस्पताल को कस्बे से किलोमीटर दूर बनाने पर लोगों ने गंगापुर सिटी कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी की।

साहित्यकार मनोज मनु सम्मानित

डीग (निस)। उत्तर भारत की श्रेष्ठ साहित्यिक संस्था श्री हिंदी पुस्तकालय समिति डीग के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय साहित्यिक प्रतियोगिता में डीग के युवा कवि और साहित्यकार मनोज मनु को शकुंतला बंसल ब्रजभाषा यात्रा वृतांत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान पाराशर का पुरस्कार के अंतर्गत शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 5100 की नकद राशि प्रदान की गई।

अरुण सभागार में आयोजित इस समारोह में कवि मनोज मनु पूर्व में भी कई सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। सन 2011 में एक साथ पांच पुरस्कार जीतने का भी कीर्तिमान उनके नाम है। पुरस्कार मिलने पर शहर वासियों ने मनोज मनु को शुभकामनाएं दी है।

अंडर-19 क्रिकेट टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

भरतपुर (निस)। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में आयोजित की जा रही अंडर-19 राज्यस्तरीय डूंगरपुर शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर लीग राउंड में भरतपुर की टीम ने अंतिम मैच मे जोधपुर को दो विकेट से हराते हुए जीत हासिल करते हुए अंडर-19 राजस्थान के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि भरतपुर की टीम ने 10 साल बाद यह उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्थान की अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है सचिव ने यह भी बताया कि जयपुर के नारायणन क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में जोधपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 50 ओवर में 140 रन बनाए जिसमें भरतपुर की तरफ से चेतन शर्मा और आर्यन बघेल ने चार-चार विकेट लिए तथा अवदेश खटाना ने दो विकेट लिए जवाब में भरतपुर की टीम को 140 से बनाने में अपने 8 बल्लेबाज खो दिये थे। भरतपुर की तरफ से सर्वाधिक 75 रन तनय थानवी ने बनाए। भरतपुर की टीम ने यह मैच 2 विकेट से जीत लिया।

भरतपुर की टीम अब राजस्थान का क्वार्टर फाइनल अलवर से 31 जुलाई को हुकम सिंह ग्राउंड पर खेलेगी इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह एवं सचिव शत्रुधन तिवारी और टीम मैनेजर रूपेंद्र मोहन सिंह, संघ के सदस्य अंकित पांचाल खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए टीम साथ में जयपुर में मौजूद थे।

सार-समाचार

नारियल पानी से भोले का अभिषेक

भरतपुर (निस)। खिरनी घाट स्थित अग्रेश्वर महादेव मंदिर पर श्रावण मास के दूसरे सोमवार को अग्रवाल भवन समिति के तत्वावधान में रूद्राभिषेक, फल रस अभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक हुआ। मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक शशि कुमार गुप्ता बजाज ने बताया कि सुवह 8.15 बजे से मंदिर प्रांगण सिथत शिव परिवार का अभिषेक विधि विधान से वेद मंत्रोचार से रूद्राभिषेक फल रस अनार, गन्ना एवं नारियल पानी एवं पंचामृत अभिषेक दूध, दही, घी, शहद, बूरा, केशर एवं विभिन्न औषधियों से पं प्रेमी शर्मा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष अनुराग गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी महेश गोयल सर्राफ के विशिष्ट आतिथ्य तथा उपस्थित गणमान्य भक्तों की उपस्थिति में शिव परिवार का 11 किलो पंचामृत एवं 5 किलो फल रसों से अभिषेक किया। शुद्ध जल से स्नान कराकर एवं इत्र, रोली, मलियागिरी चंदन लगाकर जनेऊ धारण कराया गया। बेलपत्र, शमी पत्र आक धतूरा, पुष्पहार अर्पण कर फल, मिष्ठान, मेवा अर्पण कर भोग लगाया गया। महाआरती के बाद सभी भक्तों को फल रस, पंचामृत एवं मिष्ठान, मेवा, फल की प्रसादी वितरित की गयी। मंदिर में आकर्षित गुब्बारों की सजावट कराई गई। पूरा मंदिर प्रांगण भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर सुरेश बंसल, मोहन मित्तल, विनोद सिंघल, महेशचंद सिंघल, भगवानदास बंसल, परषोत्तम डीगिया, गोपालचंद सिंधल सर्वेअर, वेद प्रकाश मित्तल, पूर्व पार्षद दिनेश डीगिया, पूर्व पार्षद कन्हैयालाल, हरीकिशन विसायती, कैलाश मित्तल, आलोक बंसल, कन्हैया भगत, अशोक जिंदल, विष्णु सिंघल, प्रहलाद गोयनका, विनय चौधरी, मदनलाल विसायती आदि मौजूद थे।

भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त

भरतपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आज विधानसभा में बजट भाषण रिप्लाई के दौरान की गई घोषणाओं में भरतपुर नगर विकास न्यास को भरतपुर विकास प्राधिकरण में क्रमोन्नत किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कौशिक ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि जिस तरीके से पहले बजट के दौरान और उसके बाद बजट भाषण रिप्लाई में मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भरतपुर के विकास में जो ऐतिहासिक घोषणा की गई है वह निश्चित रूप से भरतपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। शैलेश कौशिक ने कहा है कि भरतपुर विकास न्यास के भरतपुर विकास प्राधिकरण में पदोन्नित होने से न केवल आधारभूत विकास की दृष्टि से बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक काम होंगे और आसपास के क्षेत्र में निरंतर विकास की गंगा बहेगी, भरतपुर विकास प्राधिकरण बनने से अतिरिक्त बजट के साथ-साथ उच्च स्तर के अधिकारियों का विकास प्राधिकरण पदस्थापन होगा जिससे भरतपुर के विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

सम्मान समारोह आज

भरतपुर (निस)। जाट समाज कल्याण परिषद के तत्वावधान में 30 जुलाई मंगलवार को सारस चौराहे के निकट स्थित होटल सन इन स्टार में जाट सम्मान प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। परिषद के जिला महामंत्री यदुवीर सिनसिनी के अनुसार इस कार्यक्रम में जाट समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नैम सिंह फौजदार होंगे। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम के लिये संयोजक तेज सिंह फौजदार को बनाया गया है। इस मौके पर समाज के अनेक प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहेंगे।

आए दिन चोरियां होने से आमजन दहशत में

गंगापुर सिटी (निस) । शहर में आए दिन हो रही चोरियां व लूटपाट से आमजन में भारी दहशत है वहीं असामाजिक तत्वों की पौ बारह हो रही है। शहर में चोरी की वारदात बढने से लोगों में दहशत भी है।

नया बाजार में रविवार रात को चोरो ने एक परचुनी की दुकान का शटर तोड कर चोर हजारों की नकदी व किराने का सामान ले गए। जिसकी रिपोर्ट मदनमोहन गुप्ता ने थानाधिकारी को सौपी है। वहीं दूसरी वारदात खानपुर बडौदा बाईपास करौली रोड पर हुई जहां रविवार रात 8 बजे कबाड की दुकान करने वाले उस्मान से 4 बाइक सवारों ने मारपीट कर 2 लाख 18 हजार रूपए छीन लिए एवं घायल उस्मान का राजकीय चिकित्सालय में उपचार जारी है।

सोमवार को दिन दहाडे शहर के नया बाजार में चोरों ने एक मकान की छत पर चढ़ कर प्रवेश कर लाखों रूपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीडित राधामोहन गुप्ता ने बताया कि दिन में पत्नी पास के मकान में चली गई एवं बेटा बाहर दुकान पर बैठा था।

छत के रास्ते अज्ञात जने मकान की छत से नीचे उतरे ओर कमरों के ताले तोड कर थैला व आलमारी में रखे करीब 2.5 लाख रूपए नकद सहित अन्य सामान चुरा ले गए।

पीड़ित के पुत्र को जब अन्दर खटापटी की आवाज आई तो वह अंदर गया जिस पर दो जने कमरे की आलमारी को तोड रहे थे। इस पर उसने एक जने को पकड लिया लेकिन दोनो ने धक्का मुक्की कर रूपयो व सामान को लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने हल्ला किया लेकिन चोर पकड में नहीं आ सके ।

विचार रखे

भरतपुर (निस)। राज्य विधान सभा में पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय लोक दल के विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने वित्तीय प्रबंधन एवम् सुशासन को लेकर कहा कि प्रदेश में राजस्थान गारंटेड सर्विसेस डिलेवरी बिल विचाराधीन है अगर राज्य सरकार इस बिल को लेकर आये तो आमजन को समयबद्ध सीमान्तर्गत सर्विस डिलीवरी का लाभ मिल सकेगा। डॉ. गर्ग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की सराहना करते हुये भरतपुर के लिये बजट में सौगातें देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि गुड गवर्नेंस और आम जन की आकांक्षाओं पर उतरने के लिये विकास की गति को बढाना होगा।

उन्होंने कहा कि राजस्व व्यय का पूंजीगत व्यय के रूप में गलत तरीके से प्रकटीकरण किया जाता है। जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राजस्व की मूल प्राप्ति के बिना राजस्व प्राप्ति में वृद्धि को दिखाया जाता है जो पूर्णता गलत है। उस पर सरकार को विचार करना होगा।

अंतिम तिथि 30 जुलाई

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रमाण पत्रों का सत्यापन एवं ई मित्र पर फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2024 तक कर दी गई है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान ने बताया कि आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर के दिशा निर्देशानुसार सत्र 2024 2025 के लिये स्नातक प्रथम वर्ष मे कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन कर चुकी छात्रायें महाविद्यालय में प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराकर फीस 30 जुलाई तक ई मित्र पर जमा करावें।

महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने की इच्छुक छात्रायें प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराकर ई मित्र पर निर्धारित तिथि तक अपनी फीस जमा करा देवें। स्नातक ऑनलाईन प्रवेश प्रभारी डॉ लाला शंकर गयावाल ने बताया कि स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अन्तरिम वरीयता व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

छात्रायें महाविद्यालय में प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपने मूल प्रमाण पत्रों की जांच कराकर निर्धारित शुल्क 30 जुलाई तक ई-मित्र पर जमा करावें। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 31 जुलाई को होगा तथा 2 अगस्त से प्रथम सेमेस्टर की कक्षायें आरम्भ हो जायेगी।

स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं को द्वितीय वर्ष अर्थात् तृतीय सेमेस्टर में तथा स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्राओं को तृतीय वर्ष में एवं स्नातकोत्तर संस्कृत, हिन्दी एवं समाजशास्त्र की पूर्वार्द्ध की छात्राओं को स्नातकोत्तर उरार्द्ध में प्रमोट कर दिया गया है ।

सभी छात्रायें अपने प्रवेश पत्र के माध्यम से ई-मित्र पर जाकर अपना प्रवेश फीस 20 अगस्त 2024 तक आवश्यक रूप से जमा करायें।

लहरिया महोत्सव 11 को

गंगापुर सिटी (निस) । सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ जिला गंगापुर सिटी की एक बैठक सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर शैल शास्त्री की अध्यक्षता में शास्त्री नर्सिंग होम पर संपन्न हुई। जिला महामंत्री सपना शर्मा ने बताया कि बैठक में 11 अगस्त 2024 रविवार को होने वाले विजय पैलेस में ब्राह्मण समाज लहरिया महोत्सव कार्यक्रम पर चर्चा की गई। बैठक में लहरिया महोत्सव के लिए सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी को जिम्मेदारी तय की गई।

बैठक में जिला महामंत्री संगीता शर्मा ने बताया कि लहरिया महोत्सव को सफल बनाने के लिए गंगापुर सिटी से अलग-अलग स्थान से संयोजक एवं सहसंयोजक बनाई गई। नसिया कॉलोनी से अनीता व्यास, संध्या शर्मा, नीतू शर्मा को चुली गेट, अर्चना शर्मा और अंजली शर्मा गणेश नगर से संगीता शर्मा, सुशील शर्मा, राजेश शर्मा, मूर्ति मोहल्ला से राधा दीक्षित पिस्ता शर्मा अनीता शर्मा शीतला माता रोड से पारो जैमिनी ममता कटरा दयाल नगर से रजनी उपाध्याय नर्सिंग कॉलोनी से मीना शर्मा आशा शर्मा नहर रोड से आरती शर्मा रेनू भारद्वाज सूरसागर से निशा शर्मा अनुराधा शर्मा कल्याण जी मंदिर से सुशील शर्मा कृष्ण को शर्मा जैन मंदिर से रीना भारद्वाज एवं कोमल शर्मा सलोदा से ममता अमर गढयि प्रेम शर्मा दीपिका तिवारी कर्मचारी कॉलोनी से शोभा दिक्षित अंजली दुबे नीरज दीक्षित सैनिक नगर से ममता उपाध्याय कोमल पाराशर मीनाक्षी उपाध्याय को जिम्मेदारी तय की गई। इन सब से कहा कि लहरिया मौसम में आप ज्यादा से ज्यादा महिलाएं एवं बच्चों को एकत्रित कर लहरिया महोत्सव को सफल बनाएं लहरिया मौसम में सावन की गीतों पर जो भी ब्राह्मण समाज की महिला एवं बच्चियों भाग लेना चाहे वह इन मोबाइल नंबरों पर 8 अगस्त तक अपना नाम लिखवा सकती हैं कल्पना शुक्ला 9529315157 सपना शर्मा 8239521169 अर्चना शर्मा 9772242796 संगीता शर्मा 968०845727 जो भी समाज की महिलाएं एवं बच्चियों भाग लेने चाहे वह इन नंबरों पर नाम लिखवा सकती हैं। बैठक में प्रदेश सचिव कल्पना शुक्ला संरक्षक सावित्री शर्मा, जिला महामंत्री सपना शर्मा और और भी समाज की पदाधिकारी मौजूद थी।

कॉलेज में अव्यवस्थाएं, को लेकर सौंपा ज्ञापन

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया महाविद्यालय में चल रही समस्याओं के समाधान के लिए एनएसयूआई संघठन के पूर्व प्रदेश महासचिव हरजीत सिंह सांखला व अध्यक्ष छात्रनेता कौशल फौजदार के नेतृत्व मे प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। कौशल फौजदार ने कहा कि महाविद्यालय मे नियमित कक्षाएं चालू करवाई जायें तथा कक्षाओं में फर्नीचर की मरम्मत कराई जाये। महाविद्यालय मे प्रथम वर्ष के प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं। कॉमर्स डिपार्टमेन्ट की कक्षाओं में पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर की व्यवस्था नही है। कक्षाओं के पंखे खराब हो रखे हैं। ऐसा लगता है कि काफी दिनों से कक्षाओं की सफाई नही हुई है। हरजीत सांखला ने कहा कि भरतपुर संभाग का सबसे बड़ा कॉलेज होने के नाते महाविद्यालय यह स्थिति है जबकि राजस्थान सरकार के मुखिया भजनलाल शर्मा भी इसी महाविद्यालय के छात्र रहे हैं एनएसयूआई संघठन उम्मीद करता है कि मुख्यमंत्री इस ओर ध्यान दें और जल्द से जल्द कॉलेज प्रशासन इन समस्याओं का समाधान करे अन्यथा आने वाले समय में विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर अतुल सिंह जघीना, मोनु गुर्जर, कपिल, सचिन, मनीष फौजदार, आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का पंजीकरण 31 जुलाई तक

भरतपुर (निस)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का अगस्त माह से लाभ लेने के लिए पंजीयन करवाने के लिए अब अंतिम 2 दिन शेष है। इस माह 31 जुलाई तक पंजीकरण नहीं करवाने वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। योजना में जिले के सभी वंचित परिवार स्वयं की एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, ताकि 1 अगस्त 2024 से योजना का लाभ मिल सके।

सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने बताया सरकार की मंशा है कि अधिकाधिक आमजन इस योजना में पंजीयन करवा कर आगामी दिनों में इलाज के भारी-भरकम खर्च और चिंताओं से मुक्त हो। पंजीयन करवाने के बाद उन्हें व परिवारजनों को निशुल्क इलाज मिल सकेगा। साथ ही दुर्घटना बीमा भी निशुल्क मिलेगा। उन्होंने ने बताया कि योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना-2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड-19 अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों (वार्षिक आय 8 लाख से कम) के लिए बीमा का प्रीमियम भी सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। ऐसे सभी परिवारों का पंजीकरण स्वत ही हो रहा है। इसके अतिरिक्त, अन्य सभी परिवार मात्र 850 रुपए प्रीमियम जमा करवाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। ऐसे परिवारों को 31 जुलाई तक पंजीकरण करवा लेना चाहिए ताकि 1 अगस्त से लाभ मिल सके, क्योंकि इसके बाद नियमानुसार तीन माह बाद यानी 1 नवंबर से लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कई बार परिवार का पंजीकरण नहीं होने और बीमारी या दुर्घटना होने की स्थिति से परिवार निशुल्क उपचार से वंचित हो जाते हैं और बड़ा आर्थिक नुकसान होता है, इसलिए जरूरी है कि पंजीकरण करवाया जाए।

पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 100 से अधिक मोबाइल बरामद किए

गंगापुर सिटी (निस) । पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 100 से अधिक गुमशुदा मोबाइल बरामद किए हैं। मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए है। पुलिस ने सोमवार को 62 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे। पुलिस इससे पहले 38 मोबाइल उनके मालिकों को सौंप चुकी है। एसपी सुजीत शंकर के निर्देशन में गुमशुदा, छीने हुए मोबाइल फोन की बरामदगी क लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

- **पुलिस ने 62 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे। पुलिस इससे पहले 38 मोबाइल उनके मालिकों को सौंप चुकी है।**

पुलिस ने सोमवार को 62 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे।

गंगापर सिटी पुलिस आपके साथ, आपका मोबाइल आपके हाथ के तहत जिला स्तर पर स्थापित साइबर सेल द्वारा कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सी-डॉट के साथ मिलकर काम किया। गंगापुर सिटी में 15 सितंबर 2०23 से संचालित सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कुल 323 शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए कुल 100०० गुमशुदा मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। साइबर सेल प्रभारी विजय सिंह मीना ने बताया कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सी-डॉट के साथ मिलकर आम नागरिकों हेतु अपने खोए हुए मोबाइल फोन को ढूंढने और उसे ब्लॉक, अनब्लॉक करने के लिए सीईआईआर पोर्टल बनाया है, जो 17 मई 2०23 से अस्तित्व में है। कोई भी व्यक्ति वेबसाइट पर जाकर अपने खोए हुए या चोरी हुए मोबाइल को ढूंढने और उसे ब्लॉक, अन ब्लॉक कर सकता है। जिला गंगापुर सिटी में सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल गुमशुदगी की दर्ज 323 शिकायतों को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने पिछले 1० महीने में गुमशुदा ऐसे मोबाइल को बरामद करने के लिए साइबर सेल को निर्देश देकर जिले में एक विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान साइबर सेल द्वारा अब तक 100०० गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। बरामद 100०० मोबाइल फोन की कीमत लगभग 15 लाख रुपए से अधिक है। बरामद किए गए 100०० मोबाइल फोन में से 38 मोबाइल पूर्व में उनके मालिकों को सौंप चुके हैं। शेष 62 मोबाइल फोन सोमवार उनके मालिकों को सुर्पुद किए गए। टीम में हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह, टीकाराम, शिवप्रसाद, पवन कुमार, महिपाल, जीतेन्द्र कुमार शामिल थे।

जलदाय विभाग के निजीकरण का विरोध

भरतपुर (निस)। कृष्णानगर स्थित कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, क्षेत्र-भरतपुर पर संयुक्त संघर्ष समिति-भरतपुर के द्वारा संयुक्त संघर्ष समिति, राजस्थान, जयपुर एवं विभाग के सचिव समित शर्मा के मध्य हुये समझौता पत्र की होली जलायी गयी। जलदाय विभाग राजस्थान की जनता को आवश्यक सेवा प्रदान करता है। जलदाय विभाग का निजीकरण करने से पानी के बिलों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी होगी। वर्तमान में जनता दो माह में 40,000 लीटर का बिल 193 रू. विभाग को भुगतान करती है। वहीं दूसरी ओर यह सरकार विभाग का निजीकरण कर पानी की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी करवा कर आमजन की कमर तोडने की कोशिश कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा जलदाय विभाग के निजीकरण के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भविष्य पर भी खतरा मंडराने लग गया है। यदि सरकार ने जलदाय विभाग निजीकरण के अपने आदेश को वापस नहीं लेती है तो विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उग्र आंदोलन करने पर विवश होना पडेगा। वर्तमान में जलदायकर्मीयों ने आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पानी सप्लाई को निरंतर बनाए रखा है। समस्त जलदायकर्मी जनहित में काम करते आये हैं और अपने आंदोलन के साथ-साथ जनहित के कार्य करते रहेंगे और पेयजल सप्लाई सुचारू रखेंगे। इस दौरान अभियन्ता वर्ग से अधिशाषी अभियन्ता अशोक अग्रवाल, नीलेश कुमार, संयोजक सहायक अभियन्ता मनोज पाराशर, हरीश गुप्ता, अजय सिंह, केशवदेव पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, राजवीर सिंह, कुलदीप सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता विष्णु फौजदार, निकिता शर्मा, प्रियंका, कंचन अरोडा, अनसुईया शर्मा, अरूणा जैन, मंत्रालयिक संवर्ग से प्रशासनिक अधिकारी पूरन मीणा, सहाबसिंह, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रविन्द्र सिंह, चन्द्रकान्त शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संदीप चौहान, सतीश चन्द, महेश कुन्तल, राकेश कुमार, मनोज कुमार, जितेन्द्र मीणा, वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, दलीप फौजदार, घनश्याम सैनी, मनोज सैनी, बृजेन्द्र सिंह, सुमित खण्डेलवाल, अंजू कटारा, यतेन्द्र, विक्रम सिंह कनिष्ठ सहायक प्रेमपाल, नरेन्द्र फौजदार, अंकित सिंह, पवन कुमार, दीपक फौजदार, दीपक सैनी राजेश सैनी, महेन्द्र सिंह, मुरारीलाल सैनी, प्रणयवीर सिंह, राहुल गुर्जर एवं तकनीकी वर्ग से दीनदयाल वर्मा, कमलसिंह गडासिया, गिरीश कुमार शर्मा, उत्तमसिंह, सुधीर कुमार, हरिओम, शिवदयाल शर्मा, लीलाधर सैनी, प्रकाश चन्द शर्मा, उमेशसिंह, सुन्दरसिंह, संजय अग्रवाल, उदयसिंह, राजेन्द्र सिंह, सुदेश तिवारी, चन्द्रशेखर शर्मा, रामकिशन गुर्जर, मदनमोहन, बलराम, श्रीलाल गुप्ता, हेमलता, गायत्री, रेखा मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

गंगापुर सिटी । विश्व की सबसे बडी समाजसेवी संस्था लायंस क्लब के प्रान्त 3233ई-1 का दो दिवसीय शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन डॉ नरेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रांत के अंतर्गत रीजन 14 में आने वाले गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर तथा बौंली लायंस क्लब के समस्त पदाधिकारी रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ आशीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में जयपुर कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन जे पी सिंह द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई गई और आने वाले लायन वर्ष में सभी को अभूतपूर्व कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2024-25/6224 दिनांक : 29.07.2024

सार्वजनिक सूचना

रणजीत नगर योजना भरतपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या (क्वार्टर) E-384 श्री प्रीतमदास पुत्र श्री मिर्धूमल जाति सिन्धी निवासी - रणजीत नगर, भरतपुर के नाम 99 वर्षीय लीज होल्ड पर आवासीय भूखण्ड आवंटन/नीलामी में नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा विक्रय किया गया था। जिसका क्षेत्रफल 50 वर्गगज है। श्री प्रीतमदास पुत्र श्री मिर्धूमल ने उक्त भूखण्ड जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 19.12.1987 के द्वारा श्रीमती ज्ञान्ती देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश को विक्रय कर दिया। विक्रय होने के पश्चात् उक्त भूखण्ड की लीजडीड नगर सुधार न्यास, भरतपुर के पत्रांक 3086 दिनांक 21.05.2013 के द्वारा श्रीमती ज्ञान्ती देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश के नाम पूर्व में जारी की जा चुकी है। श्रीमती ज्ञान्ती देवी की मृत्यु दिनांक 04.04.2015 को हो चुकी है। श्रीमती ज्ञान्ती देवी की मृत्यु उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन नगर निगम, भरतपुर के पत्रांक 250-251 दिनांक 05.03.2020 के द्वारा रजिस्टर्ड रिलीजडीड दिनांक 28.12.2015 के आधार पर श्री राजेश खत्री पुत्र श्री ओमप्रकाश के नाम पूर्व में हो चुका है। श्री राजेश खत्री पुत्र श्री ओमप्रकाश खत्री ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वचनामा दिनांक 03.11.2020 के द्वारा श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी श्री शम्भूशरण प्रसाद को विक्रय कर दिया। आवेदिका श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी श्री शम्भूशरण प्रसाद जाति राजपूत निवासी - क्वार्टर संख्या E-384, रणजीत नगर, भरतपुर ने उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद आवासीय भूखण्ड संख्या (क्वार्टर) E